कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, अनर्गल बयानबाज़ी कर रहे हैं कांग्रेसी : मदन राठौड़

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेताओं की बयानबाज़ी पर करारा पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस के पास कोई ठोस विषय नहीं बचा है, जिसके चलते वे अनर्गल और भ्रामक बयानों के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस अपनी आंतरिक कलह को छिपाने के लिए भाजपा पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा रही है। कांग्रेस पहले अपनी आंतरिक कलह को संभाले, भाजपा में कोई अंतर्कलह नहीं है। वे न जाने कहां से विषय गढ़कर लाते हैं और फालतू की बातें करते हैं। भाजपा में तो सबकुछ सुव्यवस्थित और संगठित तरीके से हो रहा है। यहां तक कि शीर्ष नेतृत्व की ओर से भी भाजपा सरकार के कार्यों की सराहना की जा रही है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के नेता आपस में ही एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। "टीकाराम जूली, डोटासरा को, गोविंद सिंह डोटासरा, जूली को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। डोटासरा ने विधानसभा में जिस प्रकार अमर्यादित व्यवहार किया, वह शर्मनाक है। आज तक वे शर्म के मारे सदन में नहीं आ सके हैं। पहले वे अपना घर संभाले। भाजपा के सुशासन और पारदर्शी कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए राठौड़ ने कहा कि भाजपा "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" की नीति पर काम कर रही है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनहित के कार्य किसी भेदभाव के बिना पूरे हों। यह सरकार सभी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए कांग्रेस को भाजपा सरकार को धन्यवाद देना चाहिए, न कि आलोचना करनी चाहिए।

- **'भाजपा सरकार के स्पष्ट निर्देश जनहित के कार्य बिना किसी भेदभाव के पूरे हों'**
- **'आतंकवाद पर पीएम को संबोधन पाक के साथ विश्व ने सुना, मोदी ने खुली चुनौती दी, ऐसे में विपक्ष का सवाल उठाना उचित नहीं'**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषय पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद जैसे विषयों पर किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की जाएगी। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी ने माफी मांगी है, सीजफायर की अपील की है, और हमारी शर्तों पर वार्ता की बात की है। यह भारत की दृढ़ नेतृत्वशक्ति का परिणाम है। ऐसे में विपक्ष की ओर से सीजफायर पर सवाल उठाना उचित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो पहले अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में और फिर बीकानेर की जनसभा में भारत की आतंकवाद को लेकर अपनी नीति स्पष्ट कर दी। राठौड़ ने कहा कि संसद का सत्र भी समय पर शुरू हो जाएगा, इसके लिए विपक्ष को धैर्य रखनी चाहिए।

जब भाजपा ने शशि थरूर के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को लेकर एक टीम भेजी, तब भी कांग्रेस भ्रमित दिखाई दी। "अगर कांग्रेस नेताओं को अपने ही नेतृत्व से परेशानी है, तो उसमें भाजपा क्या कर सकती है?" राठौड़ ने कांग्रेस पर संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन का भी आरोप लगाते हुए कहा, "संविधान की हत्या कांग्रेस ने की है-एक बार नहीं, कई बार की। इन्होंने आपातकाल लगाया, चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया, निर्दोषों को जेल में डाला। अब भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं, यह सरासर अनुचित है। प्रधानमंत्री ने सदैव संविधान का सम्मान किया है। कांग्रेस नेताओं को अनर्गल बयान देने से बचना चाहिए।"

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का जयपुर आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद थे। देवनानी ने नड्डा को राजस्थान विधानसभा में नवाचारों का एक वर्ष पुस्तक और राजस्थान विधानसभा की डायरी भेट की। नड्डा ने भारतीय वर्ष के अनुसार विधानसभा की डायरी के प्रकाशन की सराहना की।

जयपुर सहर के सेंट्रल पार्क में आज जयपुर रनर्स क्लब के साथ ढोल के बाढ़ को बचाओ टीम ने लोग को जागरूक अभियान के तहत लोगो को अवगत कराया और बताया कि जयपुर की कैसे सरकार और प्रशासन के स्वार्थपूर्ण उद्देश्य के कारण से यह हरा भरा क्षेत्र को नष्ट किया जा रहा है और निर्माण कार्य किया जा रहा है और इसको हम सब जयपुर वासियों एक सुर में आवाज बुलंद करना चाइए ताकि इस बहुत जरूरी जंगल जो की जयपुर शहर का लंग्स है उससे बचाया जा सके और तत्काल निर्माण को रोका जा सके। जयपुर रनर्स क्लब से मुकेश मिश्रा रवि गोयंका, दीपक शर्मा बगड़ा, प्रवीण तिजारिया, नितिन गुप्ता, रेणु शर्मा और 100 से अधिक मेंबर्स उपस्थित रहे। ढोल का बाढ़ बचाओ टीम से वंदना और कविता ने इस जंगल की महत्ता को लोगो को बताया और अधिक से अधिक सहयोग और विरोध करने को कहा।

परीक्षा में अच्छे नम्बर वालों की रैली निकाली

राजगढ़। कस्बे के माचाडी मार्ग स्थित शेलोम इंग्लिश सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ के 10 वीं परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का रैली निकाल कर अभिनंदन किया। संस्था प्रधान डॉ जोसेफ राज ने बताया कि राजगढ़ कस्बे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगातार 14 वर्षों तक 100 परिणाम का रिकॉर्ड इस बार भी बरकरार रखा।

विद्यालय के छात्र दक्ष साहू ने 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजगढ़ उपखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय की छात्रा सोनम बाई ने 95.83 प्रतिशत, नेहा ने 95.67 प्रतिशत, प्रिंस मीणा ने 95.33 प्रतिशत, हितेश शर्मा ने 95.00 प्रतिशत, प्रगति मीना ने 94.67 प्रतिशत, गजेंद्र मीना ने 94.50 प्रतिशत, मोनिका मीना ने 94.50 प्रतिशत, साक्षी मीना ने 93.83 प्रतिशत, आराध्या शर्मा ने 92.33 प्रतिशत, काव्यांश गुप्ता ने 92.00 प्रतिशत, बरखा सोनी ने 92.00 प्रतिशत, दिव्यांश जैमन ने 90.83 प्रतिशत, राजलक्ष्मी ने 90.83 प्रतिशत, तनीषा सैनी ने 90.67 प्रतिशत, प्राची चेयरवाल ने 90.33 प्रतिशत, कृतिका शर्मा ने 90.17 प्रतिशत अंक हासिल कर कस्बे का, विद्यालय का व अपने परिवार का नाम रोशन किया।

विद्यालय के 38 में से 17 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की उपप्राचार्या कुंजुमोल जोसेफ, शशिभूषण शर्मा, पूनम गुप्ता, अनिल शर्मा, महेश बैरवा, नरेश शर्मा सहित स्टाफ अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दुनिया भर में धूमधाम से मनाया इवेंट मैनेजर्स डे

जयपुर। इवेंट इंडस्ट्री के लिए 31 मई का दिन हर साल खास होता है और पेरिस, लंदन, गोवा, हैदराबाद, कोटा, अजमेर और उदयपुर जैसे कई शहरों में शानदार आयोजन आयोजित किए गए। जयपुर में भी इवेंट मैनेजर्स डे बेहद जोश और उमंग के साथ मनाया गया। इस साल की थीम थी : "सस्टेनेबल इवेंट्स", यानी ऐसे इवेंट्स जो पर्यावरण की रक्षा करते हुए आयोजित किए जाएं। इसके अलावा जयपुर के कार्यक्रम में राजस्थान की इवेंट इंडस्ट्री से जुड़ी कई जानी-मानी हस्तियां जुटीं। इस मौके पर सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लिया और सस्टेनेबल इवेंट्स को अपनी नई पहचान बनाने का प्रण लिया।

फोरम के पूर्व अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा, "अब हर इवेंट वेन्यू पर एक पौधा लगाया जाएगा और उसकी देखभाल पूरे साल वेन्यू मालिक करेंगे। इससे न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि इवेंट्स के दौरान ऊर्जा की खपत घटेगी, खाने की बर्बादी कम होगी, प्लास्टिक का उपयोग घटेगा और पर्यावरण को नुकसान भी कम होगा।"

एक महीने में प्रदेश कांग्रेस में होंगे बड़े बदलाव

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस में अगले 1 महीने के दौरान लगभग सभी महत्वपूर्ण पदों पर बदलाव कर दिए जाएंगे। प्रदेश महिला कांग्रेस और आदिवासी कांग्रेस में बदलाव के बाद अब तमाम प्रकोष्ठ, विभाग, जिनकी संख्या 16 से ज्यादा है, में अगले एक महीने के दौरान बदलाव किए जाने हैं। लंबे समय से भंग पड़े प्रकोष्ठ, विभागों में बदलाव नहीं होने से तमाम गतिविधियों रुकी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा कि पिछले दिनों दिल्ली यात्रा के दौरान प्रभारी महासचिव सुखजिंदर सिंह रधावा के साथ हुई चर्चा के बाद बदलाव को लेकर निर्देशित किया गया है और कहा गया है कि जो भी प्रकोष्ठ, विभाग खाली है, उन पर संभावित नाम की सूची दे दी जाए , ताकि इसी महीने सभी प्रकोष्ठ, विभागों में अध्यक्ष और संयोजकों की नियुक्ति कर दी जाए।

इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में पदाधिकारियो को भी बदला जाएगा। इसका कारण यह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान में बड़ी संख्या में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी पार्टी छोड़ गए थे। वहीं कुछ लोग निष्क्रिय होकर बैठ गए हैं। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बाकी नेताओं से चर्चा करने के बाद कुछ सक्रिय लोगों को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करने के लिए सूची तैयार की है। इस सूची को जल्दी ही मंजूरी मिलने के साथ प्रदेश कांग्रेस में बदलाव कर दिया जाएगा।

- **प्रदेश पदाधिकारियों सहित प्रकोष्ठ-विभागों में होंगी नियुक्तियां**

इसके अलावा नए जिलों में जिला अध्यक्ष बनाए जाने हैं। इसके अलावा करीब एक दर्जन जिला अध्यक्षों को बदला भी जाना है। इसका कारण यह है कि चुनाव से पहले जो जिला अध्यक्ष बने थे, उनका कार्यकाल पार्टी अच्छा नहीं मान रही है और उनके नेतृत्व में हुए कार्यक्रम, जिनमें भीड़ नदारत रही। ऐसे में उन जिला अध्यक्षों को बदले जाने की आवश्यकता जताई गई है। कुल मिलाकर अगले एक महीने में दिल्ली से मिलने वाले निर्देशों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

जयपुर में राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संचालित रास्ता खालो अभियान अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। 7 महीने से भी कम समय में जयपुर जिले में बरसों से बंद एक हजार 182 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों की खेतों एवं गांवों की राह आसान की है।

जयपुर जिले में रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अभियान के तहत रास्ते खुलवाने के मामले में फागी अव्वल है जहां सर्वाधिक 102 रास्ते खुलवाए गए हैं तो वहीं, चौमूं में प्रशासन ने 85 रास्ते खुलवा कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की है।

अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों को राहत प्रदान की जा रही है। रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े एक हजार 182 रास्ते खुलवाए गए हैं।

- **जिले में खुलवाए गए 1 हजार 182 रास्ते, लाखों ग्रामीणों की राहें हुईं आसान**
- **फागी अव्वल : सर्वाधिक 102 रास्ते खुलवाए, चौमूं में प्रशासन ने खुलवाए 82 रास्ते**
- **जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे अभियान की मॉनिटरिंग**

उन्होंने ने बताया कि 15 नवंबर से 31 मई तक अभियान के तहत जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 64 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 54 रास्ते, आंधी तहसील में 62 रास्ते, बस्सी तहसील में 62 रास्ते, तूंगा तहसील में 44 रास्ते खुलवाए गए।

वहीं, शाहपुरा तहसील में 73 रास्ते, जोबनेर तहसील में 65 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 55 रास्ते, फुलेरा तहसील में 63 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 50 रास्ते, जालसू तहसील में 41 रास्ते, सांगानेर तहसील में 26 रास्ते खुलवाए गए।

उन्होंने ने बताया कि चाकसू तहसील में 68 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 49 रास्ते, माधोराजपुरा तहसील में 65 रास्ते, दूदू तहसील में 61 रास्ते एवं मौजमाबाद तहसील में 81 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

हजारों भक्तों ने पाई पंगत प्रसादी

कोटपूतली । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सुजातनगर स्थित रूपा सती माता मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर जहाँ माता का विशाल मेला भरा, वहीं मंदिर प्रांगण में आयोजित भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम की शुरूआत माता की झांकी व झण्डा यात्रा के साथ की गई। साथ ही बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने शिरकत की। इस मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये कसाना ने कहा कि तेजी से भौतिकतावाद में फंसती जा रही युवा पीढ़ी को भारतीय लोक संस्कृति से जोड़े रखना आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से विशेष रूप से बालकों को अपनी संस्कृति का पता चलता है। कार्यक्रम में भाग लेते हुये भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा व एकता बेहद आवश्यक है। अध्यक्षता सरपंच विनोद देवी ने की। कार्यक्रम में भाजपा नेता एड. विकास जांगल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व अतिथि मौजूद रहे।

चालीस दिन सुखमनी साहिब पाठ व छबील का आयोजन

गुरु अरजन देव के शहीदी दिवस पर आमजन को ठंडा शरबत पिलाया।

जयपुर। सिक्ख धर्म के प्रथम शहीद और पांचवे गुरू, शांति के पुंज, शहीदों के सरताज श्री गुरू अरजन देव जी की शहीदी को समर्पित सुखमनी सेवा सोसायटी बनी पार्क की ओर से 1 जून को झोटवाड़ा रोड, पुलिस चौकी के पास छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आने-जाने वाले सभी लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। सुखमनी सेवा सोसायटी बनी पार्क के सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। गौरतलब है कि गुरु अरजन देव जी के शहीदी दिवस पर छबील का विशेष महत्व है। भीषण गर्मी के बीच गुरु अरजन देव जी को गरम तवे पर बैठा कर यातनाएं दी गई थीं। इसलिए उनके शहीदी दिवस पर आमजन को गर्मी में ठंडक पहुंचाने के लिए छबील का आयोजन किया जाता है।

गुरु अरजन देव जी के शहीदी दिवस को समर्पित सुखमनी सेवा सोसायटी, बनी पार्क के पाठ ग्रुप अपणी मेहर कर के सदस्यों ने 40 दिन लड़ीवार गुरूजी की बाणी सुखमनी साहिब का पाठ किया। इसकी शुरूआत 20 अप्रैल को की गई थी। सभी ने मिलकर 2001 सुखमनी साहिब पाठ किए। लड़ीवार सुखमनी साहिब पाठ का समापन 30 मई को किया गया। उल्लेखनीय है कि सिक्ख धर्म के प्रथम शहीद और पांचवें गुरु अरजन देव जी को मुगल बादशाह जहांगीर ने यातनाएं देकर शहीद किया था। गुरूग्रंथ साहिब में सर्वाधिक बाणी गुरु अरजन देव जी की है गुरु जी ने सब को हर कठिनाई के समय विनम्र रहने और परमेश्वर की रजा में खुश रहने का संदेश दिया जो कि आज के समय में पूरी मानव जाति के लिए आपसी भेद-भाव, अहम व घृणा समाप्त करके प्रेम पूर्वक रहना अति आवश्यक है।

सराफ ने किया मेडिकल कैम्प का उद्घाटन

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने सत्य विहार कॉलोनी लालकोठी में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का उद्घाटन किया। नटवर कुमावत ने बताया की किमी हेल्थ हब के द्वारा निशुल्क 11 जरूरतमंद लोगों को हियरिंग किट (कान की मशीन) दी गई। एलर्जी टेस्ट निशुल्क ब्लड संबंधी जांचें की गई। डॉ शिवांगी जैन ने बताया कि ईएनटी, डेंटिस्ट, फिजिशियन, स्क्रीन एलर्जी के डॉक्टरों ने नि:शुल्क परामर्श दिया। इस अवसर पर जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्म कुमार सैनी, पार्षद हिमांशु जैन, मोहित मूलचंदानी, डॉ अजय जैन, जयवीर यादव, हरकचंद जैन, सोनाक्षी जैन, सुशील जैन, ज्योति यादव, जितेंद्र राव, अनूप अग्रवाल एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पृथ्वीराज नगर में हीरापुरा बस स्टैंड को शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए आंदोलन शुरू

जयपुर। पृथ्वीराज नगर उत्तर और उसके आस पास की कॉलोनियों में विकास के नाम पर कोई कार्य नहीं होने के कारण तथा एनएचएआई हाईवे अथॉरिटी की तानाशाही के कारण पृथ्वीराज नगर उत्तर एवं उसके आसपास की दो सो कॉलोनियों के हज़ारों लोगों की परेशानी को देखते हुए पृथ्वीराज नगर जन अधिकार संघर्ष समिति ने आंदोलन प्रारंभ कर दिया है।

- **200 कॉलोनियों के हजारों नागरिकों को 5-6 किमी के चक्कर लगाकर रोज़ 2-3 घंटे फसना पड़ रहा हैं जाम में**

संघर्ष समिति के संरक्षक अशोक शर्मा व अध्यक्ष घनश्याम सिंह एडवोकेट ने बताया कि संघर्ष समिति पृथ्वीराज नगर और उसके आस पास की कॉलोनियों की मूलभूत सुविधाओं और सुचारु विकास के लिए लंबे समय से आंदोलन करती रही है। अभी वर्तमान के जन प्रतिनिधि नाकारा साबित हो रहे हैं और पृथ्वीराज नगर उत्तर की सभी कॉलोनियों की स्थिति दयनीय हो रही है बरसात का मौसम आने को है लेकिन ड्रेनेज का कोई सिस्टम नहीं बनाया गया है तथा सड़कें पार्कों का विकास नहीं हो रहा है और सीवरेज का क्षेत्र में कोई अता पता नहीं है। हाईवे अथॉरिटी ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए दो सौ फीट चौराहा अजमेर रोड पर रजनी विहार कट को बंद कर रखा है जिसके कारण पृथ्वीराज नगर उत्तर और उसके आस पास की दो सौ कॉलोनियों के हज़ारों निवासियों के लिए जयपुर में प्रवेश करना दूभर हो गया है। उनको हमेशा पाँच छह किलोमीटर का चक्कर लगाकर तथा रोज 2-3 घंटे जाम में फँसना पड़ रहा है। कमला नेहरू नगर पुलिया के पास हिरापूरा बस स्टैंड नया बनकर तैयार हैं लेकिन सरकार उसको प्रारंभ नहीं कर रही है उससे भी दो सौ फीट चौराहे पर प्राइवेट व सरकारी बसों का जाम लगा रहता है। बस स्टैंड बनाने पर सरकार का धन व्यय किया गया है जिसको भी बेकार जाने दिया जा रहा है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि आज जिला कलेक्टर जयपुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर आंदोलन की शुरुआत की गई है, यदि सात दिवस में रजनी विहार कट को नई खोला गया और हिरापूरा बस स्टैंड को प्रारंभ नहीं किया गया तो संघर्ष समिति 9 जून को एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर आंदोलन को तेज करने की रणनीति तैयार करेगी। सरकार को पृथ्वीराज नगर के विकास के लिए काम करना ही होगा। ज्ञापन देते समय पृथ्वीराज नगर निवासी रामनिवास कटारिया मीना गुढ़ा दीपक चौधरी राजेन्द्र यादव रामनिवास शर्मा लालचंद यादव अर्जुन राम उज्जैनिया राकेश जाजोरिया राजकुमार गुप्ता खेमचंद मुड़ोतिया सुशील शर्मा मुकेश सैनी मुकेश गुर्जर सुरेन्द्र सामोता राघव दाधीच मनोज सिंह सभी उपस्थित रहे।



संघर्ष समिति ने रविवार को जिला कलेक्टर जयपुर जितेन्द्र कुमार सोनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर आंदोलन की शुरुआत की।

शराब परिवहन का आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत रामसिंह वृत्ताधिकारी देवली व घाड थाना प्रभारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने हाईवे पर स्थित होटल व ढाबों पर खडे संदिग्ध वाहन, व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये शनिवार को रात्रि को दौराने गश्त सांवरिया होटल के पास, देवडावास के पास से अवैध शराब परिवहन करते आरोपी विक्रम सिंह पुत्र भवानी सिंह को गिरफ्तार किया।

खोया पाया
मेरे मकान संख्या-122/64 का अदेय प्रमाण पत्र कही ख़ो गया है। मिलने पर सूचित करे- 9694301970

नाम परिवर्तन
आशीष शर्मा उम्र 42 वर्ष पुत्र सत्यनारायण प्लॉट नंबर 04, बड़ी का खेड़ा, डाकबेल बगरू, बगरू रावन, जयपुर यह कि आशीष शर्मा व उपनाम आशीष कुमार शर्मा दोनों ही नाम मेरे है भविष्य में मुझे दोनों नामो से जाना जावे।

सूचना
दिनांक 04 जून, 2025 को अजाक राज्य स्तरीय चुनाव।
डा.अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी-कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक)राजस्थान जयपुर का अध्यक्ष, महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित 4 पदो के लिए 04 जून,2025 को अजाक कार्यालय सी-174, भूरा पटेल मार्ग, अयोध्या नगर, गाँधी पथ पश्चिम, जयपुर में चुनाव किया जायेगा।
सुरज मल वर्मा (चुनाव अधिकारी, अजाक)
9414001176

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 17/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री बुद्ध राम कोली पुत्र श्री मन्या राम कोली, ग्राम रोनीजा जाट, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास फूल देवी जन सेवा निधि धमार्थ ट्रस्ट रोनीजा जाट, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर के न्यासियों में हुए परिवर्तन व न्यास विधान में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है. में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 20.06.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर